सितार, पखावज वादन और कथक में दिखाई प्रतिभा

51वीं अखिल भारतीय संगीत प्रतियोगिता, सम्मेलन और योग शिविर का शुभारंभ, 148 प्रतिभागियों ने दीं प्रस्तुतियां

संवाद न्यूज एजेंसी

झांसी। सितार के तारों से झरते मधुर सुर, पखावज की थाप पर थिरकती लय और कथक की भावपूर्ण मुद्राएं...संगीत और नृत्य की इस सुरमयी महफिल में कलाकारों ने अपनी साधना से ऐसा समा बांधा कि श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। बृहस्पतिवार को मौका था प्रभु श्रीराम लाल संगीत महाविद्यालय की ओर से लक्ष्मी व्यायाम मंदिर में आयोजित 51वीं अखिल भारतीय संगीत प्रतियोगिता एवं संगीत सम्मेलन का। इसके साथ ही योग शिविर का भी शुभारंभ हुआ।

प्रतियोगिता में झांसी, ललितपुर, महोबा, कानपुर, लखनऊ, ग्वालियर, दिल्ली, हरियाणा आदि राज्यों से आए 148 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शास्त्रीय गायन, भजन, लोकगीत और गजल गायन की प्रस्तुतियों ने संगीत प्रेमियों को खूब मोहा। वहीं, सितार, सारंगी, गिटार, तबला, पखावज और शहनाई वादन से कलाकारों ने अपनी साधना और हुनर का परिचय दिया।

कथक, सामूहिक नृत्य और एकल नृत्य की प्रस्तुतियों में कलाकारों ने भाव-भंगिमाओं और लय-ताल का शानदार तालमेल दिखाया। प्रतियोगिता के निर्णायक जय नारायण सोनी और मनोज कुमार रहे।

इससे पहले मां सरस्वती, प्रभु श्रीराम लाल महाराज और योगेश्वर चंद्रमोहन महाराज के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य संयोजक कृष्णकांत ज्ञा ने गीता पर प्रवचन दिए। सह संयोजक दिनेश भार्गव, डॉ. सुनील दीक्षित, सुरेश चंद्र खरे, मुकेश गुप्ता, हरिमोहन गुप्ता आदि मौजूद रहे। संचालन ब्रज भूषण ज्ञा ने किया। अंत में प्राचार्या सलोनी ज्ञा ने आभार व्यक्त किया।



एलवीएम में शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति देती प्रतिभागी। संवाद


कथक की प्रस्तुति देती प्रतिभागी। संवाद


कथक की प्रस्तुति देती प्रतिभागी। संवाद

चार दिवसीय छठ महापर्व की आज से होगी शुरुआत

झांसी। नहाय खाय के साथ शुक्रवार को चार दिवसीय छठ पूजा महापर्व शुरू हो जाएगा। शनिवार को खरना, रविवार को अस्त होते एवं सोमवार को उदित होते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। मौसमी सब्जी एवं फलों का प्रसाद अर्पण होगा। महिला श्रद्धालु 36 घंटे का निर्जल व्रत रखेंगी और छठ माता की महिमा के गीत गाएंगी।

पर्व को लेकर महानगर में बिहार-पूर्वांचल समाज के परिवारों में विशेष उत्साह छाया हुआ है और धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन को लेकर तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। बिहार पूर्वांचल सांस्कृतिक कुटुंब के शैलेश राय के अनुसार सूर्य संहिता में छठ पूजा व्रत का वर्णन है। उनके अनुसार छठ पूजा दौरान पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जाता है। निर्जल व्रत शनिवार को खरना के उपरांत शुरू होगा। संवाद

कल खरना के बाद शुरू होगा 36 घंटे का कठिन व्रत



छठ व्रत रखने पर समस्त मनोकामनाएं पूरी होती हैं। छठ माता एवं भगवान सूर्य की आराधना की जाती है। मौसमी फल, सब्जियां एवं ठेकुआ का प्रसाद अर्पण किया जाता है। -मुकेश कुमार सिंह



त्योहार को लेकर सभी घरों में तैयारियां पूरी हो गई हैं। परिवार की खुशहाली एवं सुख समृद्धि की कामना के साथ छठ व्रत रखा जाता है। पर्व को लेकर सभी में विशेष उत्साह छाया हुआ है। -हरेंद्र शर्मा

आर्यिका विशाश्री माता जी ने किया रानी लक्ष्मीबाई के किले का भ्रमण

बोलीं-नारी सशक्तीकरण की अद्भुत मिसाल हैं रानी लक्ष्मीबाई


किले का भ्रमण करतीं जैन साध्वी विशाश्री माताजी। स्रोत स्वयं

संवाद न्यूज एजेंसी

झांसी। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का साथी झांसी किले का आर्यिका विशाश्री माता जी ने 14 ससंघ साध्वियों के साथ भ्रमण किया और वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान का स्मरण किया।

उन्होंने कहा कि सामान्य महिलाओं को एकत्रित कर महिला सेना का गठन करना नारी सशक्तीकरण की दिशा में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का ऐतिहासिक निर्णय था। नारी शक्ति के रूप में अंग्रेजों से संघर्ष करना महिलाओं के साहस एवं स्वाभिमान की मिसाल था। इस अवसर पर पूर्व मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, कमल जैन, शिरोमणि जैन, राजकुमार जैन बाबा, अशोक जैनिथ, ऋषभ जैन आदि मौजूद रहे।

प्रदीप मिश्रा और धीरेंद्र शास्त्री की कथा स्थल के लिए डीएम ने देखी व्यवस्था

पं. प्रदीप मिश्रा 4 से 10 और पं. धीरेंद्र शास्त्री 11 से 13 दिसंबर तक सुनाएंगे कथा

अमर उजाला ब्यूरो

झांसी। दिसंबर में कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा और बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की कथा को लेकर डीएम गौरांग राठी ने अधिकारियों के साथ कानपुर रोड स्थित कथा स्थल का बृहस्पतिवार को निरीक्षण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं के आवागमन, वाहनों की पार्किंग, यातायात नियंत्रण, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधाओं एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

महानगर में राधिका ऑर्किड के सामने चार से 10 दिसंबर तक पंडित प्रदीप मिश्रा की ओर से शिवमहापुराण कथा और 11 से 13 दिसंबर तक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की ओर से हनुमंत कथा सुनाई जाएगी। इन दोनों धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इसको लेकर तैयारियां चल रही हैं। अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान विशिष्ट अतिथियों और श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की। निर्देशित किया गया कि सभी जरूरी सुविधाओं को समय रहते पूर्ण कर लिया जाए, ताकि किसी तरह की असुविधा न हो।

आयोजन की जानकारी देते हुए विधायक रवि शर्मा ने कहा कि झांसी समेत आसपास के जिलों के श्रद्धालु झांसी पहुंचेंगे।


शिव महापुराण एवं हनुमंत कथा की तैयारियों को लेकर डीएम व विधायक रवि शर्मा एवं जिला प्रशासन की टीम ने कथा स्थल का निरीक्षण किया। संवाद

विवाह के मंगल गीत एवं शहनाइयों की गूंज 20 से

संवाद न्यूज एजेंसी

झांसी। देवउठनी एकादशी 20 नवंबर को श्रद्धा से मनाई जाएगी। इस दिन चातुर्मास का समापन होगा और विवाह सहित समस्त मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। विवाह के मंगल गीत गाए जाएंगे और शहनाइयां गूंज उठेंगी।

धार्मिक मान्यता है कि देवशयनी एकादशी पर भगवान विष्णु क्षीर सागर में योग निद्रा के लिए चले जाते हैं। इसके साथ ही चातुर्मास शुरू हो जाता है। विवाह एवं अन्य मांगलिक कार्य थम जाते हैं। देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु का जागरण होने पर विवाह सहित सभी मांगलिक कार्य पुनः शुरू हो जाते है। ज्योतिषविद रजनी दीक्षित और आचार्य सुबोध शास्त्री के अनुसार, देवउठनी एकादशी 20 नवंबर को मनाई जाएगी। इस दिन उत्तराभाद्र पद नक्षत्र रहेगा।

पर्व पर घर-घर भगवान विष्णु की पूजा आराधना होगी और गन्ने के मंडप सजाए जाएंगे। मंदिरों में तुलसी और शालिगराम जी के विवाह कार्यक्रम होंगे।


देवउठनी एकादशी से मांगलिक कार्य होंगे शुरू चातुर्मास का होगा समापन

नवंबर-दिसंबर में विवाह के मुहूर्त

देवउठनी एकादशी को अबूझ मुहूर्त तिथि माना जाता है। इस दिन लोग विवाह कार्य करेंगे। ज्योतिषविद हरिओम थापक के अनुसार नवंबर में 20, 21, 24, 25, 26, 30 है। दिसंबर में 1,2,3,4,5,7, 9,10,11 एवं 12 है। 16 दिसंबर को सूर्य धनु राशि में प्रवेश करेंगे और खरमास शुरू हो जाएंगे। विवाह कार्य थम जाएंगे, जो फिर सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के पश्चात शुरू होंगे।

अपना अखबार बुक करें 1800 121 1166

शुद्धता/श्रद्धांजलि सभा



।।ॐ शांति।। ।।ॐ शांति।।

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरे पूज्य पिताजी

श्री जितेन्द्र कुमार प्रजापति एड.

(प्रमुख महासचिव- उत्तर प्रदेशीय प्रजापति महासभा)

का स्वर्गवास दिनांक 12-11-2026, गुरुवार को हो गया है

शुद्धता/श्रद्धांजलि सभा आज

दिनांक 13-11-2026, शुक्रवार को सायं 4 बजे से

स्थान: निज निवास- ब्रम्हानगर कॉलोनी, आई.टी.आई. झांसी

शोकाकुल परिवार

पत्नी- श्रीमती गीता प्रजापति

पुत्र-
इंजी. धीरेन्द्र प्रजापति (ए.ई. जल निगम)
इंजी.धीरज प्रजापति

भाई-
राकेश प्रजापति
विनोद प्रजापति
अनिल प्रजापति

मो. 8299732758, 9120366525

रस्म उठावनी/श्रद्धांजलि सभा



अत्यन्त दुख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी धर्मपत्नी

श्रीमती राजकुमारी शिवहरे

का स्वर्गवास दिनांक 11-11-2026 को हो गया है।

रस्म उठावनी / श्रद्धांजलि सभा आज

दिनांक : 13/11/2026 (शुक्रवार)

समय : सायं 4:00 से 5:00 बजे तक

स्थान- शिव मंगलम् विवाह घर, चूना भट्टी चौराहा बाहर बड़गांव गेट, झांसी

शोकाकुल परिवार

जेठानी - जेठ
श्रीमती रामलली-स्व. श्री प्रीतम दास शिवहरे
श्रीमती माधुरी-श्री सत्य प्रकाश शिवहरे
भतीज बधु - भतीजे
श्रीमती उमा-श्री सुनील शिवहरे
श्रीमती आरती-स्व0 श्री अनिल शिवहरे
श्रीमती रुची-श्री कृष्ण बिहारी शिवहरे
श्रीमती पूनम-श्री अजय शिवहरे

पति- स्वामी प्रसाद शिवहरे
देवरानी-देवर
श्रीमती रामवती श्री राम शिवहरे
पुत्री - दामाद
श्रीमती चंदा-श्री दीपक
श्रीमती ज्योति-श्री संदीप
श्रीमती रितू-श्री बृजकिशोर
कुमारी लेहा शिवहरे

एवं समस्त शिवहरे परिवार Mob. – 9451659699, 9616419554

सरकारी स्कूलों में स्वच्छता सुविधाओं के उन्नयन के लिए मुथूट फाइनेंस की पहल



नई दिल्ली (वि)। मुथूट फाइनेंस लिमिटेड ने उत्तर, पूर्व और पश्चिम भारत के सरकारी स्कूलों में स्वच्छता सुविधाओं के उन्नयन के लिए एक करोड़ रुपये की पहल की घोषणा की है। यह पहल मुथूट फाइनेंस लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष एमजी जॉर्ज मुथूट की 77वीं जयंती के उपलक्ष्य में 11 समुदाय-केंद्रित कल्याणकारी परियोजनाओं के साथ शुरू की गई। ये मुथूट ग्रुप के प्रबंध निदेशक अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट ने इन सीएसआर परियोजनाओं की घोषणा की। एक करोड़ रुपये का स्वच्छता कार्यक्रम सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचे की कमी को दूर करेगा। मुथूट फाइनेंस प्रत्येक स्कूल में एक से चार कार्यात्मक शौचालय इकाइयों का निर्माण या नवीनीकरण करेगा। उन्होंने कहा कि कंपनी का लक्ष्य युवा छात्रों, विशेषकर लड़कियों के लिए बाधाओं को दूर करना है। साथ ही, बुजुर्गों को सुविधा प्रदान करना भी इसका उद्देश्य है। शिक्षा पहल में उत्तरी दिल्ली में 100 मेधावी छात्रों को मुथूट एम. जॉर्ज उत्कृष्टता पुरस्कार देना शामिल है। फिरोजाबाद में छात्राओं को 50 साइकिलें वितरित की गईं। वडोदरा में 22 क्लासरूम बेंच दान की गईं। राजकोट में एक डिजिटल स्मार्ट कंप्यूटर लैब स्थापित की गई।

व्यावसायिक गतिविधि

यूनियन बैंक ने मेडिकल कॉलेज क्षेत्र में नई शाखा खोली

झांसी (वि)। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने बुधवार को नगर के मेडिकल कॉलेज क्षेत्र में अपनी नई शाखा खोली। यह शाखा चिकित्सा और शैक्षणिक क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के नागरिकों को आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। इससे व्यापारियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी लाभ मिलेगा। उद्घाटन समारोह में कानपुर के क्षेत्र प्रमुख जितेंद्र शर्मा और एमएलपी प्रमुख मनीष गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि यह नई शाखा क्षेत्र के विकास में सहायक होगी। मेडिकल कॉलेज शाखा विश्वविद्यालय मार्ग पर, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के सामने और झांसी ऑर्थोपेडिक हॉस्पिटल के निकट स्थित है। यह शाखा बचत और चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा जैसी सेवाएं प्रदान करेगी। इसके अलावा, गृह ऋण, वाहन ऋण, व्यक्तिगत ऋण, शिक्षा ऋण, व्यवसाय ऋण और एमएसएमई ऋण सहित विभिन्न वित्तीय सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। बैंक का विशेष ध्यान चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े चिकित्सकों, अस्पतालों और मेडिकल स्टोर्स पर रहेगा। नर्सिंग और पैरामेडिकल संस्थानों, विद्यार्थियों तथा स्थानीय व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बैंकिंग आवश्यकताओं को भी पूरा किया जाएगा।

अमर उजाला के साथ होती है नाथूराम पांडेय की सुबह

बरुआसागर। नगर के मोहल्ला सनीरा निवासी पं. नाथूराम पांडेय का 101वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। न्यू पांडेय मिष्ठान भंडार के संस्थापक पांडेय आज भी अमर उजाला अखबार से अपनी सुबह शुरू करते हैं। वे पिछले 29 वर्षों से इसके नियमित पाठक हैं और खबरों को बेमिसाल मानते हैं। इस अवसर पर नगर के विभिन्न गणमान्य लोगों ने उनका सम्मान किया। पांडेय ने कहा कि व्यवसाय में सामाजिक व्यावहारिकता और गुणवत्ता आवश्यक है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय संतों और गो सेवा को दिया।

न्यू पांडेय मिष्ठान भंडार परिवार के उमाशंकर पांडेय, जयशंकर पांडेय, उदयशंकर पांडेय, ऋषि पांडेय और हर्ष पांडेय उपस्थित रहे। संचालक उदय पांडे ने माता-पिता के आशीर्वाद तथा संतों की सेवा को व्यवसाय की सफलता का आधार बताया। संवाद



बरुआसागर के पंडित नाथूराम पांडेय अखबार पढ़ते हुए। संवाद

मोटरसाइकिल रैली 15 को

झांसी। भगवान श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती की पूर्व संध्या पर 15 नवंबर को अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरी महासभा के तत्वावधान में विशाल मोटरसाइकिल रैली का आयोजन होगा। श्री सिद्धेश्वर मंदिर से रैली का शुभारंभ दोपहर 12 बजे होगा। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अशोक राय ने बताया कि यह विशाल रैली समाज की एकजुटता एवं शक्ति का संदेश देगी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष संजय राय, कोषाध्यक्ष सुमित राय, विष्णु राय, नरेश मौजूद रहे। संवाद

विश्व एकता के समर्थन में निकाली प्रभातफेरी

मऊरानीपुर। सुखनई नदी तट स्थित मौन साधना केंद्र ने बृहस्पतिवार को विश्व एकता के समर्थन में प्रभातफेरी निकाली। इसमें विभिन्न प्रांतों से आए सैकड़ों श्वेत वस्त्रधारी साधकों ने भाग लिया। साधकों ने नगर भ्रमण कर शंखध्वनि से विश्व व सर्वधर्म एकता का संदेश दिया। अंतरराष्ट्रीय मौन साधना प्रभारी वियोगी ओम ने बताया कि केंद्र पर 12 व 13 नवंबर को 41वां दो दिवसीय मौन साधना वार्षिकोत्सव महायज्ञ और राष्ट्रीय महासम्मेलन आरंभ हो गया है। इसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों के प्रदेश प्रभारी पहुंच चुके हैं। उत्तराखंड राज्य प्रभारी राजीव विवेकानंद के अनुसार, देशभर से 137 राष्ट्रीय मौन केंद्र प्रभारी सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। दिल्ली प्रभारी साध्वी मौन साधना वियोगी ने बताया कि यह अनुष्ठान लगातार 48 घंटों तक कठोर समय-अनुशासन के साथ चलेगा। संवाद

ओपीडी

शुक्रवार को ओपीडी सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक

मेडिकल कॉलेज

- ईएनटी हैड एंड नैक सर्जरी: (कमरा नं-108) डॉ. चांदनी सेठ
- दंत रोग विभाग (कमरा नं.-77) डॉ. अभिषेक मित्रा
- कैंसर रोग विभाग (कमरा नं.4) डॉ. सचिन माहुर
- नेत्र रोग विभाग: (कक्ष नं-137) डॉ. जितेंद्र कुमार
- मेडिसिन कमरा नं 138 डॉ. कुलदीप चंदेल, डॉ. मांडवी अग्रवाल डॉ. सुनीत कुमार वर्मा, डॉ. अनुकृति
- बालरोग कमरा नं - 142 डॉ. सपना गुप्ता
- हड्डी रोग कमरा नं - 109 डॉ. अभिषेक नगाइच, डॉ. सौरभ अग्रवाल
- स्त्री रोग कमरा नं जी-3 डॉ. विद्या चौधरी, डॉ. रंजनी गौतम
- सर्जरी कमरा नं 139-140 डॉ. पंकज सोनकिया, डॉ. अनुपम प्रकाश डॉ. अभिषेक गुप्ता

जिला अस्पताल

- बाल रोग कक्ष सं. 12 डॉ. बृजेश खरे
- सर्जरी कक्ष सं. 19 डॉ. तनवीर रहमान
- मेडिसिन कक्ष सं. 03 डॉ. डीएस गुप्ता
- चर्मरोग कक्ष सं. 21 डॉ. रोहित गौतम, डॉ. शिवानी सूद
- अस्थिरोग : कक्ष सं. 01 डॉ. केके मिश्रा
- ईएनटी : कक्ष सं. 21 डॉ. मुकेश राजपूत
- नेत्र रोग: कक्ष सं. 13 डॉ. लक्ष्मी राजपूत, डॉ. गौरव सेठ, डॉ. अमन अहमद
- जिला महिला अस्पताल डॉ. अंशु

सुपर स्पेशियलटी ब्लॉक

- कार्डियोलॉजी : (कक्ष नं. जी-7) डॉ. मो.रेहान
- न्यूरो सर्जरी: (कक्ष नं. जी-17) डॉ. बिनीत कुमार मिश्रा
- न्यूरोलॉजी (कक्ष नं. जी-9) डॉ. अरविंद कनकने
- प्लास्टिक सर्जरी: (कक्ष नं. जी-2) डॉ. गौरव जसीरिया
- यूरोलॉजी : (कक्ष नं. जी-13) डॉ. मनीष जैन
- नेफ्रोलॉजी : (कक्ष नं. जी-14) डॉ. एनएस सेंगर

मेडिकल कॉलेज का हेल्पलाइन नं. 7007754102
जिला अस्पताल का हेल्पलाइन नं. 510-2450934
जिला महिला अस्पताल का हेल्पलाइन नं. 0510-2990880

पं. मदन मोहन मालवीय की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

झांसी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक एवं भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय की पुण्यतिथि पर बृहस्पतिवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया गया। वक्ताओं ने शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान, राष्ट्रसेवा और सामाजिक समरसता के प्रयासों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। संवाद

शोक समाचार

■ मस्जिद शहीदैन जौवनशाह के सदर हाजी नासिर की बहू शब्नूर का इंतकाल हो गया। उन्हें सुपुर्द ए खाक शुक्रवार को दोपहर 1:30 बजे नमाज के बाद जौवनशाह कब्रिस्तान में किया जाएगा।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक

क्षेत्रीय कार्यालय: झाँसी क्षेत्र भूमितल, नगर निगम बिल्डिंग, ईलाइट चौराहा, जिला–झाँसी–284001 (उ.प्र.)

शाखा: मेडिकल कॉलेज शाखा, झाँसी

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु नीलामी बिक्री सूचना [परिशिष्ट-IV एवं नियम 6(2), 8(6) व 9(1) के प्रावधान देखें,

प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 6(2), 8(6) व 9(1) के प्रावधान के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज अधिनियम 2002 की वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनः निर्माण और प्रवर्तन के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना।

जन साधारण तथा विशेषत: ऋणकर्ताओं, बंधककर्ताओं व गारंटरों को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि प्रत्यभूतित ऋणदाता के पास रेहन रखी/प्रभारित/गिरवी निम्न उल्लेखित अचल संपत्ति जिसका कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा प्रत्यभूतित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गाय है। इसकी बिक्री निम्न निर्दिष्ट बकाया राशि की वसूली हेतु "जैसे है जहां है" "जैसे है जो है" और "जो कुछ वहां है" के आधार पर की जाएगी। ऋणकर्ताओं / बंधककर्ता(ओं) / गारंटरों / प्रत्यभूतित परिसंपत्ति / बकाया राशि / आरक्षित मूल्य / ई–नीलामी की तिथि व समय, ईएमडी व बोली वृद्धि राशि निम्नानुसार है।

ई–नीलामी की तिथि: 19.12.2026 | **ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 18.12.2026 सायं 04.00 बजे तक**

क्र. सं.	ऋणियों / जमानतदारों / बंधकदारों का नाम एवं पता	अचल सम्पत्ति का विवरण ज्ञात अतिक्रमणों सहित, यदि कोई हो	कुल बकाया	1. ई–नीलामी की तिथि 2. ई–नीलामी का समय (प्रारंभ समय व समाप्ति समय तक)	1. आरक्षित धनराशि/ 2. अंकित धनराशि/ 3. बिड बढ़ोतरी राशि	कब्जा की स्थिति (सांकेतिक/ भौतिक)	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय
1.	श्री मोहम्मद जावेद खान पुत्र श्री उमर खान (ऋणी), पता: निवासी 95 / 1 मण्डेरी गेट बहार, झाँसी खास, जिला: झाँसी (उ.प्र.) 284002 श्री तस्कीन खान पुत्र श्री जावेद खान (सह–ऋणी), पता: निवासी बाहरी मण्डेरी गेट, झाँसी खास, जिला: झाँसी (उ.प्र.) 284002	मकान संख्या 28 / 9 (पुराना) एवं 140 (नया), मोहल्ला पंचकुइया, झांसी, उत्तर प्रदेश के सभी भाग एवं खण्ड, क्षेत्रफल 426.00 वर्ग फीट, मालिक: श्री मोहम्मद जावेद खान पुत्र श्री उमर खान, चौहद्दी: पूर्व: गोविंद दास का मकान, पश्चिम: मनीराम का मकान, उत्तर: बड़ा जादुनाथ, दक्षिण: रास्ता 3.05 मीटर	रू. 25,09,720.60 (रूपये पच्चीस लाख नौ हज़ार सात सौ बीस एवं पैसा साठ मात्र) + दिनांक 09.11.2026 से संविदात्मक दर पर मासिक किस्तों के साथ ब्याज एवं भुगतान की तिथि तक लागत, शुल्क एवं खर्चे सहित	ई–नीलामी की तिथि: 19.12.2026 ई–नीलामी का समय: दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक	1. रू0 12,00,000/- (बारीक मूल्य) 2. रू0 1,20,000/- (अंकित धनराशि) 3. रू0 10,000/- (न्यूनतम बिड बढ़ोतरी राशि)	सांकेतिक कब्जा	17.12.2026 प्रारंभ समय: शाम 4.00 बजे से समाप्ति समय: शाम 5:00 बजे

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट https://www.bankofbaroda.in/e-auction एवं Baanknet.com पर जाएं। इच्छुक बोलीदाता अधिकृत अधिकारी से मोबाइल नंबर 8477009426 पर संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक: 12.11.2026 स्थान: झांसी

हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा